**Roll No.** | | | | | | | | |

(Write Roll Number from left side exactly as in the Admit Card)

*Signature of Invigilator*

**Question Booklet Series** **X**

**PAPER–II** **Question Booklet No.**

**Subject Code : 04**

# HINDI

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks: 200*

***Instructions for the Candidates***

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page as well as on the OMR Sheet provided.
2. At the commencement of the examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 (five) minutes, you are requested to open the booklet and verify it:
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page.
   (ii) Faulty booklet, if detected, should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (iii) Verify whether the Question Booklet No. is identical with OMR Answer Sheet No.; if not, the full set is to be replaced.
   (iv) After this verification is over, the Question Booklet Series and Question Booklet Number should be entered on the OMR Sheet.
3. This paper consists of One Hundred (100) multiple-choice type questions. All the questions are compulsory. Each question carries *two* marks.
4. Each Question has four alternative responses marked: (A) (B) (C) (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each question.
   *Example:* (A) (B) ● (D), where (C) is the correct response.
5. Your responses to the questions are to be indicated correctly in the OMR Sheet. If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Rough work is to be done at the end of this booklet.
7. If you write your Name, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except in the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
8. Do not tamper or fold the OMR Sheet in any way. If you do so, your OMR Sheet will not be evaluated.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry question booklet and duplicate copy of OMR Sheet after completion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator, mobile phone, electronic devices/gadgets etc. is strictly prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answer.**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश***

1. इस प्रश्न-पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के उपर तथा OMR पत्रक पर भी नियत स्थान पर अपना रोल नंबर (क्रमांक संख्या) लिखें।
2. परीक्षा प्रारंभ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जाएगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जांच के लिए दिए जाएंगे, जिसकी जांच आपको अवश्य करनी है:
   (क) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके आवरण (कवर) पृष्ठ पर लगी सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टिकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ख) दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/ प्रश्न कम हों या दुबारा आ गए हों या सीरियल (क्रम) में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिए जाएंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जाएगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जाएगा।
   (ग) प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या का OMR की क्रम संख्या के साथ मिलान कर लें, यदि दोनों की क्रम संख्या में मेल ना हो तो उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका और OMR ले लें।
   (घ) इस जांच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
3. इस प्रश्न-पत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए *दो* अंक निर्धारित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिए गए हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   *उदाहरण* : (A) (B) ● (D) जहां (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल दिए गए OMR पत्रक पर ही निर्धारित स्थान पर अंकित करना है। यदि आप OMR पत्रक पर दिए गए वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. रफ (कच्चा) कार्य इस प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ पर करें।
7. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नंबर, फोन नंबर या कोई भी ऐसी चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं अथवा कोई भी अनैतिक कार्य करते हैं जैसे OMR को खुरचना या उसपर सफेद स्याही का प्रयोग करना, तो परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किए जा सकते हैं।
8. OMR पत्रक को किसी-भी प्रकार से मोड़ने या नष्ट करने का प्रयास ना करें। यदि आप ऐसा करते हैं तो आपकी OMR का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जाएं। यद्यपि आप परीक्षा समाप्ति पर प्रश्न-पुस्तिका और OMR पत्रक की डुप्लिकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल काले बॉल पॉइंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर), मोबाईल फोन, इलेक्ट्रॉनिक यंत्र आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएंगे।**

## PAPER II

## (HINDI)

**1.** निम्नलिखित का सही अनुक्रम है :

(A) जूठन, शिकंजे का दर्द, मुर्दहिया, मणिकर्णिका

(B) जूठन, मुर्दहिया, मणिकर्णिका, शिकंजे का दर्द

(C) जूठन, शिकंजे का दर्द, मणिकर्णिका, मुर्दहिया

(D) जूठन, मुर्दहिया, शिकंजे का दर्द, मणिकर्णिका

**2.** निम्नलिखित का सही अनुक्रम है :

(A) समाचार सुधावर्षण, कवि वचनसुधा, बनारस अखबार, लोकमित्र

(B) बनारस अखबार, समाचार सुधावर्षण, लोकमित्र, कवि वचनसुधा

(C) कवि वचनसुधा, लोकमित्र, बनारस अखबार, समाचार सुधावर्षण

(D) कवि वचनसुधा, बनारस अखबार, लोकमित्र, समाचार सुधावर्षण

**3.** रचनाकाल के अनुसार सही अनुक्रम है :

(A) भारत भारती, यशोधरा, नहुष, विष्णुप्रिया

(B) भारत भारती, नहुष, यशोधरा, विष्णुप्रिया

(C) यशोधरा, भारत भारती, विष्णुप्रिया, नहुष

(D) यशोधरा, नहुष, भारत भारती, विष्णुप्रिया

**4.** 'एक अशरफी की आत्म कहानी' किसकी रचना है?

(A) लाला पार्वती नंदन

(B) पं० वेंकटेश नारायण

(C) पं० सूर्यनारायण दीक्षित

(D) बंग महिला

**5.** हिंदी की कौन-सी ध्वनियाँ अर्धस्वर हैं?

(A) ञ, ण

(B) ह, ष

(C) र, ल

(D) य, व

**6.** ''संस्कृति अमीरों, बेफिक्रों और पेटभरों का व्यसन है। दरिद्रों के लिये प्राण-रक्षा ही सबसे बड़ी समस्या है।'' — यह किसकी उक्ति है?

(A) फणीश्वर नाथ रेणु

(B) रामविलास शर्मा

(C) प्रेमचन्द

(D) शिवप्रसाद सिंह

**7.** 'प्रीतम दृग मींचत तिया पानि-परस-सुख पाय।
जानि पिछानी अजान लौं नेक न होति लखाय।।'
— इस दोहे में संचारी भाव हैं :

(A) हर्ष और अवहित्था

(B) मोह और गर्व

(C) वितर्क और धृति

(D) उत्सुकता और निर्वेद

**8.** अरस्तू के अनुसार अनुकरण का माध्यम है :

(A) लय

(B) छंद

(C) भाषा

(D) सामंजस्य

**9.** पवित्रता की माप है मलिनता, सुख का आलोचक है दु:ख, पुण्य की कसौटी है पाप।'' — यह कथन किस पात्र का है?

(A) पृथ्वीसेन

(B) जयमाला

(C) धातुसेन

(D) देवसेना

**10.** ''मोटे वह होते हैं, जिन्हें न रिन का सोच होता है, न इज्जत का। इस जमाने में मोटा होना बेहयाई है।''— होरी यह किससे कह रहा है?

(A) रायबहादुर से

(B) भोला से

(C) हीरा से

(D) झींगुरी सिंह से

**11.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) यादें योरप की | (i) राहुल सांकृत्यायन |
| (b) पैरों में पंख बांधकर | (ii) रामवृक्ष बेनीपुरी |
| (c) मेरी तिब्बत यात्रा | (iii) धर्मवीर भारती |
| (d) पृथिवी प्रदक्षिणा | (iv) शिव प्रसाद गुप्त |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**12.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) उत्तर फाल्गुनी के आसपास | (i) निर्मल वर्मा |
| (b) भारत वर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है | (ii) कुबेरनाथ राय |
| (c) कला का जोखिम | (iii) भारतेंदु |
| (d) क्यों रोते हो | (iv) अध्यापक पूर्ण सिंह |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**13.** रचनाकाल के अनुसार सही अनुक्रम है :

(A) श्रावकाचार, चंदनबाला रास, स्थूलिभद्र रास, भरतेश्वर बाहुबली रास

(B) भरतेश्वर बाहुबली रास, श्रावकाचार, चंदनबाला रास, स्थूलिभद्र रास

(C) श्रावकाचार, भरतेश्वर बाहुबली रास, चंदनबाला रास, स्थूलिभद्र रास

(D) भरतेश्वर बाहुबली रास, चंदनबाला रास, श्रावकाचार, स्थूलिभद्र रास

**14.** *स्थापना* (*A*) : यों तो आज का समूचा हिंदी साहित्य मध्यवर्गीय जीवन-चेतना की अभिव्यक्ति का परिणाम है; किंतु कथा-साहित्य और विशेष रूप से कहानियों में तो मध्यवर्ग का ही जीवन छाया हुआ है।

*तर्क* (*R*) : मध्यवर्गीय जीवन को छोडकर हिंदी कहानी का लेखन पूर्णरूप से असफल होता है।

*कूट*:

(A) (*A*) सही और (*R*) गलत

(B) (*A*) सही और (*R*) सही

(C) (*A*) गलत और (*R*) गलत

(D) (*A*) गलत और (*R*) सही

**15.** 'डिंगल' निम्नलिखित में से किससे संबद्ध है?

(A) खड़ी बोली

(B) छत्तीसगढ़ी

(C) पश्चिमी राजस्थानी

(D) ब्रजभाषा

**16.** अस्तित्व की अनुभूति को किसने जीवन का चरम सत्य माना है?

(A) अलबर्ट कामू

(B) मार्शल

(C) सार्त्र

(D) कीर्केगार्द

**17.** निम्नलिखित में कलावाद के पोषक नहीं हैं :

(A) आस्कर वाइल्ड

(B) मैथ्यू आर्नल्ड

(C) जे० ई० स्पिनगार्न

(D) क्रोचे

**18.** 'आग हूँ जिससे ढलकते बिन्दु हिमजल के' — इस काव्य-पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(A) दृष्टान्त

(B) अतिशयोक्ति

(C) व्यतिरेक

(D) विभावना

**19.** 'सामर्थ्य और सीमा' नामक उपन्यास के लेखक हैं :

(A) भगवतीचरण वर्मा

(B) निर्मल वर्मा

(C) वृन्दावनलाल वर्मा

(D) श्रीकान्त वर्मा

**20.** इनमें से कौन-सा नाटक शंकर शेष का नहीं है?

(A) एक और द्रोणाचार्य

(B) पोस्टर

(C) कोमल गांधार

(D) मादा कैक्टस

**21.** *स्थापना* (*A*) : आधुनिक काल में गद्य के आविर्भाव के पीछे मुद्रण कला का आरंभ एक बाहरी कारक है, वस्तुत: तो आधुनिक युग की वर्तमान बौद्धिक और विश्लेषणमूलक वृत्ति गद्य के विकास का अधिक बुनियादी कारण है।

*तर्क* (*R*) : भाव प्रवणता कविता की विशेषता है तो चिंतनशीलता गद्य की।

*कूट*:

(A) (*A*) सही और (*R*) गलत

(B) (*A*) गलत और (*R*) सही

(C) (*A*) और (*R*) दोनों सही

(D) (*A*) और (*R*) दोनों गलत

**22.** ''मनुष्य के हृदय की वृत्तियों से सीधा संबंध रखने वाले रूपों और व्यापारों को प्रत्यक्ष करने के लिए उसे बहुत-से पर्दों को हटाना पड़ेगा।'' — इन पंक्तियों के लेखक हैं :

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) महादेवी वर्मा

(D) विद्यानिवास मिश्र

**23.** सुमेलित कीजिए :

| | *सूची*-I | | *सूची*-II |
|---|---|---|---|
| (a) | चिंतामणि त्रिपाठी | (i) | शिवाबावनी |
| (b) | भूषण | (ii) | वृत्तकौमुदी |
| (c) | रसनिधि | (iii) | शृंगार मंजरी |
| (d) | मतिराम | (iv) | बारहमासी |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**24.** निम्नलिखित का सही अनुक्रम है

(A) परिन्दे, बीच बहस में, पिछली गर्मियों में, कव्वे और काला पानी

(B) परिन्दे, पिछली गर्मियों में, कव्वे और काला पानी, बीच बहस में

(C) परिन्दे, कव्वे और काला पानी, पिछली गर्मियों में, बीच बहस में

(D) परिन्दे, पिछली गर्मियों में, बीच बहस में, कव्वे और काला पानी

**25.** पश्चिमी हिंदी और पूर्वी हिंदी में मुख्य अन्तर का आधार है :

(A) साहित्य-रचना

(B) 'ने' का प्रयोग

(C) वर्ण-संख्या

(D) भौगोलिकता

**26.** निम्नलिखित में दलित साहित्य की प्रतिनिधि पत्रिका है :

(A) वीणा

(B) नागफणी

(C) साहित्य भारती

(D) मधुमती

**27.** 'दि यूज ऑफ पोएट्री एंड दि यूज ऑफ क्रिटिसिज्म' नामक पुस्तक के लेखक हैं :

(A) टी० एस० इलियट

(B) स्कॉट जेम्स

(C) आई० ए० रिचर्ड्स

(D) मार्टिन हेडेगर

**28.** किस रीति को परुषा वृत्ति भी कहते हैं?

(A) वैदर्भी

(B) गौड़ी

(C) लाटीया

(D) पांचाली

**29.** निम्नलिखित का सही अनुक्रम है

(A) मिस्टर अभिमन्यु, यक्ष प्रश्न, राम की लड़ाई, बलराम की तीर्थयात्रा

(B) बलराम की तीर्थयात्रा, मिस्टर अभिमन्यु, यक्ष प्रश्न, राम की लड़ाई

(C) यक्ष प्रश्न, राम की लड़ाई, बलराम की तीर्थयात्रा, मिस्टर अभिमन्यु

(D) राम की लड़ाई, बलराम की तीर्थयात्रा, मिस्टर अभिमन्यु, यक्ष प्रश्न

**30.** *स्थापना* (*A*) : प्रेमचंद के उपन्यासों के महत्वपूर्ण पात्र प्राय: ही किसी वास्तविक चरित्र को आधार बनाकर गढ़े गए पात्र हैं।

*तर्क* (*R*) : रंगभूमि के नायक अंधे भिखारी सूरदास के संदर्भ में, यह बात प्राय: सभी आलोचकों ने कही है कि वह महात्मा गाँधी का प्रतीक पात्र है।

*कूट*:

(A) (*A*) और (*R*) दोनों गलत

(B) (*A*) सही और (*R*) गलत

(C) (*A*) गलत और (*R*) सही

(D) (*A*) और (*R*) दोनों सही

**31.** रामधारी सिंह 'दिनकर' ने अपनी चर्चित कृति 'संस्कृति के चार अध्याय' किसे समर्पित की थी?

(A) डॉ० राजेंद्र प्रसाद

(B) जवाहरलाल नेहरू

(C) महात्मा गांधी

(D) रवींद्रनाथ टैगोर

**32.** प्रेमचंद की पत्नी शिवरानी देवी की पहली प्रकाशित कहानी का नाम है :

(A) हंस की चाल

(B) मर्यादा

(C) चांद

(D) साहस

**33.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) अकाल दर्शन | (i) मगर रोब ऐसा कि हिटलर का नाती है |
| (b) नक्सलबाड़ी | (ii) भूख कौन उपजाता है |
| (c) मोचीराम | (iii) मेरे देश की संसद मौन है |
| (d) रोटी और संसद | (iv) और तुम हो विपक्ष में बेकारी और नींद–से परेशान |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**34.** निम्नलिखित का सही अनुक्रम है

(A) आदिम रात्रि की महक, अग्निखोर, एक श्रावणी दोपहर की धूप, अच्छे आदमी

(B) आदिम रात्रि की महक, एक श्रावणी दोपहर की धूप, अच्छे आदमी, अग्निखोर

(C) अग्निखोर, आदिम रात्रि की महक, अच्छे आदमी, एक श्रावणी दोपहर की धूप,

(D) अग्निखोर, एक श्रावणी दोपहर की धूप, अच्छे आदमी, आदिम रात्रि की महक

**35.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची*-I | *सूची*-II |
|---|---|
| (a) प्रतिदिन | (i) द्विगु |
| (b) नीलाकाश | (ii) अव्ययीभाव |
| (c) पीताम्बर | (iii) कर्मधारय |
| (d) त्रिलोक | (iv) बहुब्रीहि |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**36.** ''दलित कविता एक सामाजिक आंदोलन का सामाजिक प्रतिफलन है। अन्य काव्यधाराओं और साहित्यिक परम्पराओं की अपेक्षा उसका सम्बन्ध जीवन की जमीन से है।'' यह कथन है :

(A) मोहनदास नैमिशराय का

(B) ओमप्रकाश वाल्मीकि का

(C) रमणिका गुप्ता का

(D) श्यौराज सिंह बेचैन का

**37.** रस–विवेचन में 'चित्र–तुरंग न्याय' का उदाहरण किस आचार्य ने दिया है?

(A) भट्ट लोल्लट

(B) भट्ट शंकुक

(C) भट्ट नायक

(D) अभिनवगुप्त

**38.** आई० ए० रिचर्ड्स निम्नलिखित में से किससे अप्रभावित रहे?

(A) वेन्थम

(B) फ्रायड

(C) जॉर्ज सांतायना

(D) बेनेदेत्तो क्रोचे

**39.** ''काम–धन्धे भागे नहीं जाते मेरी बच्ची ! कोई पोथी–गुटका पढ़ तो खैरों से गब्ब कोठरी में भी चान्नन हो।'' – प्रस्तुत कथन किस उपन्यास का है?

(A) कठगुलाब

(B) जिंदगीनामा

(C) मीठी नीम

(D) अकेला पलाश

**40.** 'मालविका' किस नाटक की पात्री है?

(A) झाँसी की रानी

(B) अजातशत्रु

(C) स्कंदगुप्त

(D) चंद्रगुप्त

**41.** निम्नलिखित में से कौन–सा अध्याय मुक्तिबोध की पुस्तक 'एक साहित्यिक की डायरी' में शामिल नहीं है?

(A) तीसरा क्षण

(B) विशिष्ट और अद्वितीय

(C) अर्थ और व्याख्याएं

(D) एक लंबी कविता का अंत

**42.** शरत्चंद्र ने 'शिशु' पत्रिका में अपनी कहानी 'बोझा' को किसके नाम से प्रकाशित करवाया था?

(A) मामा सुरेंद्रनाथ

(B) पत्नी हिरण्यमयी देवी

(C) भाई प्रकासचंद्र

(D) मामा उपेंद्रनाथ

**43.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) सूरदास | (i) परहित सरिस धर्म नहीं भाई। परपीड़ा सम नहिं अधमाई |
| (b) तुलसीदास | (ii) हमारे हरि हारिल की लकरी |
| (c) घनानंद | (iii) साज सिंगार बांध पग घुंघर, लोकलाज तज नाची |
| (d) मीराबाई | (iv) जान के रूप लुभाय के नैनन बेंचि करी अधबीच हो लौंडी |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**44.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) सिफारिशी चिट्ठी | (i) अज्ञेय |
| (b) अंतर | (ii) फणीश्वरनाथ रेणु |
| (c) जलवा | (iii) भीष्म साहनी |
| (d) नंबर दस | (iv) निर्मल वर्मा |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

**45.** शारदा लिपि का सम्बन्ध किस प्रांत से माना जाता है?

(A) उत्तरप्रदेश

(B) गुजरात

(C) पंजाब

(D) कश्मीर

**46.** अस्तित्ववाद के संदर्भ में सही कथन है

(A) परिवेश एवं वस्तुओं के अनुरूप स्वयं का निर्माण अस्तित्ववाद के अन्तर्गत है।

(B) यह मानवीय योजनाओं का सिद्धांत है।

(C) यह वैज्ञानिक तर्क प्रणाली का सिद्धांत है।

(D) वैभव, शान, सुख–त्याग अस्तित्ववाद के अन्तर्गत हैं।

**47.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) दि सेलेक्टेड एस्सेज | (i) मैथ्यू आर्नल्ड |
| (b) एस्थेटिक | (ii) टी० एस० इलियट |
| (c) लॉज | (iii) प्लेटो |
| (d) कल्चर एंड एनार्की | (iv) बेनेदेत्तो क्रोचे |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (C) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**48.** 'किसी भी शब्द और वाक्य के जितने भी अर्थ प्रतीत होते हैं, उन सभी में अभिधा शक्ति का ही कार्य होता है'— यह कथन किस वर्ग के अभिधावादी का है?

(A) अभिहितान्वयवादी

(B) अन्विताभिधानवादी

(C) दीर्घतराभिधाव्यापारवादी

(D) तात्पर्यवादी

**49.** 'दलित' नाटक का लेखक कौन है?

(A) सुदर्शन मजीठिया

(B) असगर वजाहत

(C) नाग बोडस

(D) स्वदेश दीपक

**50.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) कठगुलाब | (i) मृणाल |
| (b) त्यागपत्र | (ii) गोमती |
| (c) पीली आँधी | (iii) नर्मदा |
| (d) नीलाचाँद | (iv) सोमा |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |

**51.** ''नक्शे में मैं अब भी देखता हूँ। वास्तव में जितनी यात्राएं स्थूल पैरों से करता हूँ, उससे ज्यादा कल्पना के चरणों से करता हूँ।'' ये पंक्तियां किस पुस्तक से ली गई हैं?

(A) मेरी तिब्बत यात्रा

(B) अरे यायावर रहेगा याद

(C) क्या भूलूं क्या याद करूँ

(D) उठ जाग मुसाफिर

**52.** ''मनुष्य में जो घृणा है, जो अनायास बिना सिखाए आ जाती है, वह पशुत्व का द्योतक है और अपने आप को संयत रखना, दूसरे के मनोभावों का आदर करना मनुष्य का स्वधर्म है।'' इन पंक्तियों के लेखक हैं :

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) कुबेरनाथ राय

(C) विद्यानिवास मिश्र

(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

**53.** ''बरसै मघा झकोरि झकारी, मोर दुइ नैन चुवैं जस ओरी'' यहाँ नागमती विरह के किस महीने का उल्लेख हुआ है?

(A) भाद्रपद

(B) आषाढ़

(C) चैत

(D) पूस

**54.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) राही | (i) जमींदार |
| (b) गैंग्रीन | (ii) अनीता |
| (c) राजा निरबंसिया | (iii) महेश्वर |
| (d) एक टोकरी भर मिट्टी | (iv) चंदा |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

**55.** *स्थापना* (*A*) : प्रांतीय कार्यों के लिये तो प्रांतीय भाषाएँ ही चलें, लेकिन एक प्रांत दूसरे प्रांत से मिले तो परस्पर विचार–विनिमय का माध्यम हिंदी होनी चाहिए।

*तर्क* (*R*) : केवल हिंदी के द्वारा ही राष्ट्र की एकता को अक्षुण्ण रखा जा सकता है।

*कूट*:

(A) (*A*) सही और (*R*) गलत

(B) (*A*) और (*R*) दोनों गलत

(C) (*A*) और (*R*) दोनों सही

(D) (*A*) गलत और (*R*) सही

**56.** 'पूंजीपति वर्ग के विकास के हर कदम के साथ उसके अनुरूप इस वर्ग की राजनीतिक प्रगति भी रही है। सामंती, अभिजात वर्ग की सत्ता के नीचे वह पीड़ित वर्ग है।' यह कथन है :

(A) मार्क्स और एंगेल्स का

(B) शिवदान सिंह चौहान का

(C) लेनिन का

(D) हीगेल का

**57.** 'व्यक्ति-विवेक' नामक ग्रंथ के रचयिता हैं :
(A) धनंजय
(B) धनिक
(C) कुंतक
(D) महिमभट्ट

**58.** 'संवेदनशीलता के असाहचर्य' की अवधारणा के प्रस्तोता हैं :
(A) होरेस
(B) कॉलरिज
(C) इलियट
(D) सेंट्सबरी

**59.** मधु कॉंकरिया के किस उपन्यास में नक्सलवादी आंदोलन का वर्णन है?
(A) सलाम आखिरी
(B) खुले गगन के लाल सितारे
(C) सेज पर संस्कृति
(D) हम यहाँ थे

**60.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) किताबवाला | (i) अंधायुग |
| (b) कृतवर्मा | (ii) ध्रुवस्वामिनी |
| (c) गोबर्धन दास | (iii) आगरा बाजार |
| (d) कोमा | (iv) अंधेर नगरी |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**61.** रमणिका गुप्ता की आत्मकथा 'आपहुदरी' में निम्नलिखित में से कौन-सा अध्याय शामिल नहीं है?
(A) बुरी लड़की : अच्छी लड़की
(B) गॉडफादर का पतन
(C) सांताक्रूज
(D) हजार मर्द : एक औरत

**62.** शिवनाथ एम. ए हिंदी निबंधों का सूत्रपात किस लेखक से मानते हैं?
(A) बालकृष्ण भट्ट
(B) सदासुख लाल
(C) लाला भगवानदीन
(D) भारतेंदु

**63.** स्वान-पूंछ कोटिक जा लागै सूधि न काहु करी
जैसे काग भच्छ नहिं छोड़ै जनमत जौन धरी
धोये रंग जातकहु कैसे ज्यों कारी कमरी
— यहाँ सूरदास ने किस प्रसंग को उठाया है?
(A) कुत्ता
(B) कौआ
(C) काला कंबल
(D) निर्गुण

**64.** ''डाक्टर-सबकुछ होने के बावजूद वह क्या चीज़ है जो हमें चलाये चलती है, हम रुकते हैं तो भी अपने रेले में वह हमें घसीट ले जाती है।''
— यह किस कहानी का वाक्य है?
(A) अपना अपना भाग्य
(B) गैंग्रीन
(C) पिता
(D) परिन्दे

**65.** 'आईना' किस भाषा का शब्द है?
(A) अरबी
(B) फारसी
(C) तुर्की
(D) पुर्तगाली

**66.** ''महावीर प्रसाद द्विवेदी के प्रभाव से लेखक सावधान हो गये और जिनमें भाषा की समझ और योग्यता थी उन्होंने अपना सुधार किया।'' यह कथन किसका है?
(A) रामविलास शर्मा
(B) शिवदान सिंह चौहान
(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(D) रामचन्द्र शुक्ल

**67.** 'वचन-विन्यासक्रमो रीति:' कहनेवाले आचार्य हैं :

(A) राजशेखर

(B) वामन

(C) भामह

(D) भोजराज

**68.** ट्रैजेडी के बारे में असत्य कथन है :

(A) ट्रैजेडी कार्यव्यापार का अनुकरण है।

(B) ट्रैजेडी आख्यान के रूप में रहती है।

(C) ट्रैजेडी में करुणा और त्रास का उद्रेक किया जाता है।

(D) ट्रैजेडी गंभीर, पूर्ण एवं विस्तृत होती है।

**69.** निम्नलिखित का सही अनुक्रम है

(A) संत रविदास की रामकहानी, एक जमीन अपनी, वे दिन, गोबर गणेश

(B) वे दिन, गोबर गणेश, एक जमीन अपनी, संत रविदास की रामकहानी

(C) गोबर गणेश, संत रविदास की रामकहानी, वे दिन, एक जमीन अपनी

(D) एक जमीन अपनी, गोबर गणेश, संत रविदास की रामकहानी, वे दिन

**70.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) भूख आग है | (i) हबीब तनवीर |
| (b) सूर्यमुख | (ii) मीरा कांत |
| (c) चरनदास चोर है | (iii) कृष्ण बलदेव वैद्य |
| (d) अंत हाजिर हो | (iv) लक्ष्मीनारायण लाल |

*कूट*:

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**71.** 'भारत खंड की समृद्धि' शीर्षक निबंध के लेखक हैं :

(A) प्रताप नारायण मिश्र

(B) मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या

(C) बद्रीनारायण चौधरी

(D) लाला श्रीनिवास दास

**72.** 'मंटो मेरा दुश्मन' नामक संस्मरण के लेखक हैं :

(A) राजेंद्र सिंह बेदी

(B) उपेंद्रनाथ अश्क

(C) फैज अहमद फैज

(D) यशपाल

**73.** *स्थापना* (*A*) : भक्ति का जो सोता दक्षिण की ओर से धीरे–धीरे उत्तर भारत की ओर पहले से ही आ रहा था उसे राजनीतिक परिवर्तन के कारण शून्य पडते हुए जनता के हृदयक्षेत्र में फैलने के लिए पूरा स्थान मिला।

*तर्क* (*R*) : राजनीतिक उथल–पुथल के कारण हिंदू जनता में व्याप्त निराशा भक्ति के उदय का एक मात्र कारण नहीं हो सकती।

*कूट*:

(A) (*A*) और (*R*) दोनों सही

(B) (*A*) और (*R*) दोनों गलत

(C) (*A*) सही और (*R*) गलत

(D) (*A*) गलत और (*R*) सही

**74.** निम्नलिखित में कौन–सा पात्र 'कानों में कंगना' का नहीं है?

(A) किरन

(B) नवल किशोर

(C) नरेन्द्र

(D) योगीश्वर

**75.** व्याकरणिक कोटियों में पुरुष का सम्बन्ध है :

(A) क्रिया विशेषण से

(B) संख्या से

(C) सार्वनामिक रूपों से

(D) संज्ञा से

**76.** 'धूणी तपे तीर' किसका उपन्यास है?

(A) मंगल सिंह मुंडा

(B) हरिराम मीणा

(C) श्रीप्रकाश मिश्र

(D) राजेन्द्र अवस्थी

**77.** 'लिरिकल बैलड्स' का चौथा संस्करण प्रकाशित हुआ :

(A) 1802 ई० में

(B) 1815 ई० में

(C) 1817 ई० में

(D) 1837 ई० में

**78.** क्षेमेन्द्र के औचित्य से मिलते-जुलते विचार पश्चिमी आलोचकों के किस वर्ग ने दिए?

(A) अरस्तू - लोंजाइनस - होरेस - पोप

(B) होमर - कैकिलिउस - लोंजाइनस - क्रोचे

(C) होरेस - दाँते - मिल्टन - बेन जॉनसन

(D) अरिस्तोफानेस - प्लेटो - अरस्तू - दाँते

**79.** ''हारने के लिए पहले पाँच सौ की थैली अपने पास रख लीजिए परंतु जीत में, मैं आधा हिस्सा लूँगा।''

— किस उपन्यास का वाक्य है?

(A) मैला आँचल

(B) परीक्षा गुरु

(C) मानस का हंस

(D) बाणभट्ट की आत्मकथा

**80.** ''मैंने भावना में भावना का वरण किया है।'' यह वाक्य मल्लिका ने किस से कहा?

(A) प्रियंगु मंजरी

(B) अंबिका

(C) विलोम

(D) मातुल

**81.** 'कविता का भविष्य' शीर्षक से निबंध लिखनेवाले लेखक हैं :

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) नामवर सिंह

(C) रामविलास शर्मा

(D) रामधारी सिंह दिनकर

**82.** साहित्य की निम्नलिखित पत्रिकाओं में से किसका प्रकाशन स्थान भोपाल नहीं है?

(A) साक्षात्कार

(B) पूर्वग्रह

(C) पहल

(D) अक्षरा

**83.** 'तुम फेर रहे हो पीठ, हो रहा हो जब जय रण'— 'राम की शक्ति-पूजा' में यह किसका कथन है?

(A) जाम्बवान

(B) विभीषण

(C) राम

(D) सुग्रीव

**84.** अज्ञेय की 'जयदोल' कहानी असम के किस जनपद से संबंधित है?

(A) डिब्रूगढ़

(B) गुवाहाटी

(C) तेजपुर

(D) शिवसागर

**85.** निम्नलिखित में से सही कथन है :

(A) प्रत्येक वर्ण वर्ग का प्रथम एवं द्वितीय वर्ण घोष और तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम वर्ण अघोष होते हैं।

(B) प्रत्येक वर्ण वर्ग का प्रथम एवं द्वितीय वर्ण अघोष और तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम वर्ण घोष होते हैं।

(C) प्रत्येक वर्ण वर्ग का प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय वर्ण अघोष और द्वितीय एवं चतुर्थ वर्ण घोष होते हैं।

(D) प्रत्येक वर्ण वर्ग का द्वितीय, तृतीय वर्ण घोष और प्रथम, चतुर्थ एवं पंचम वर्ण अघोष होते हैं।

**86.** पूर्व से पश्चिम की ओर जाते हुए भाषाओं का सही अनुक्रम है :

(A) बांग्ला, मैथिली, अवधी, पंजाबी

(B) मैथिली, बांग्ला, पंजाबी, अवधी

(C) अवधी, मैथिली, बांग्ला, पंजाबी

(D) बांग्ला, अवधी, मैथिली, पंजाबी

**87.** काव्य-रचना के लिए तर्क और नियम का अनुसरण किया :

(A) नव्य-आभिजात्यवाद ने

(B) स्वच्छन्दतावाद ने

(C) उत्तर-आधुनिकतावाद ने

(D) अतियथार्थवाद ने

**88.** 'झींगुर के स्वर का प्रखर तीर
केवल प्रशान्ति को रहा चीर।'

— इन पंक्तियों में कौन-सी वक्रता है?

(A) रूढ़ि-वैचित्त्य-वक्रता

(B) उपचार-वक्रता

(C) विशेषण वक्रता

(D) वाक्य-वक्रता

**89.** 'रंग दे बसंती चोला' नाटक के रचनाकार कौन हैं?

(A) शंकर शेष

(B) हबीब तनवीर

(C) भीष्म साहनी

(D) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

**90.** ''बटेश्वर अमावस्या की रात्रि में वहाँ जाते हैं न? उनसे कहना कि अबकी अमावस्या की रात्रि में मेरा शंख घोष वे रामजी की दया से सुन लेंगे।'' — यह कथन किस उपन्यास का है?

(A) मैला आँचल

(B) मानस का हंस

(C) तमस

(D) तर्पण

**91.** ''निबंध का रूप काव्य में, कहानी में, लेख में, संस्मरण में, जीवनी में, आलोचना में, पत्र और रिपोर्ताज में, भ्रमण वृतांत में, रचना के किसी भी विषय में व्यक्त हो सकता है।''

— यह कथन किसका है?

(A) शांतिप्रिय द्विवेदी

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

**92.** आत्मकथा विधा में शामिल रचनाओं में से प्राचीनतम किसे माना जाता है?

(A) अर्द्ध कथानक

(B) अर्द्ध कथा

(C) जीवन चरित्र

(D) आपबीती

**93.** कमरे में सुबह की धूप आ गयी है
गैलरी में फैला है सुनहला रवि छोर
क्या कोई प्रेमिका सचमुच मिलेगी?
हाय! यह वेदना स्नेह की गहरी
जाग गयी क्यों कर?

— किस कविता की पंक्तियाँ हैं?

(A) सतपुड़ा के जंगल

(B) अंधेरे में

(C) बादल को घिरते देखा है

(D) हरी घास पर क्षण भर

**94.** 'कौन-सी ज़मीन अपनी' किस प्रवासी लेखक का कहानी-संग्रह है?

(A) अंजना संधीर

(B) तेजेन्द्र शर्मा

(C) उषा राजे सक्सेना

(D) सुधा ओम ढींगरा

**95.** निम्नलिखित में से किस वर्ग के शब्द स्त्रीलिंग शब्दों की श्रेणी में आते हैं?

(A) वृक्षों एवं पर्वतों के नाम

(B) तारों एवं ग्रहों के नाम

(C) महीनों एवं दिनों के नाम

(D) तिथियों एवं नदियों के नाम

**96.** स्वर किस आधार पर ह्रस्व या दीर्घ होते हैं?

(A) मात्रा के आधार पर

(B) बलाघात के आधार पर

(C) सुर के आधार पर

(D) अनुनासिकता के आधार पर

**97.** 'यह देख, गगन मुझमें लय है
यह देख, पवन मुझमें लय है
मुझमें विलीन झंकार सकल
मुझमें लय है संसार सकल।'

— इन पंक्तियों में व्यंजित रस है :

(A) अद्‌भुत रस

(B) वीर रस

(C) भयानक रस

(D) शान्त रस

**98.** मुख्य कल्पना होती है :

(A) अचेतन और अनैच्छिक

(B) चेतन और ऐच्छिक

(C) गौण कल्पना की प्रतिध्वनि

(D) काव्यात्मक कल्पना

**99.** निम्नलिखित का सही अनुक्रम है :

(A) दर्पण का व्यक्ति, तट के बंधन, कोई तो, स्वप्नमयी

(B) कोई तो, दर्पण का व्यक्ति, स्वप्नमयी, तट के बंधन

(C) तट के बंधन, स्वप्नमयी, दर्पण का व्यक्ति, कोई तो

(D) स्वप्नमयी, कोई तो, तट के बंधन, दर्पण का व्यक्ति

**100.** ''राज्य में युधिष्ठिर के,
होंगे आत्मघात,
विप्र लेंगे निर्वासन,
कैसी है शान्ति यह,
प्रभु जो तुमने दी है?''

— यह कथन किसका है?

(A) अश्वत्थामा

(B) विदुर

(C) युयुत्सु

(D) कृपाचार्य

**Space for Rough Work**

**Space for Rough Work**